वाराणसी समेत तीन जगह खुलेंगी डायलिसिस यूनिट

चर्चा में क्यों?

19 अक्तूबर, 2023 को उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में डायलिसिस यूनिट खोलने हेतु प्रदेश के 11 अस्पतालों के लिये वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

प्रमुख बिंदु

- उत्तर प्रदेश में डायलिसिस यूनिट खोलने के संदर्भ में स्वीकृत इस धनराशि से लखनऊ, वाराणसी एवं गोरखपुर ज़िलों के अस्पतालों में किडनी मरीज़ों के लिये डायलिसिस यूनिट खोली जा रही हैं।
- उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ने अधिकारियों को तय समय पर डायलिसिस यूनिट खोलने के संदर्भ काम करने के निर्देश दिये हैं।
- उत्तर प्रदेश के लखनऊ, वाराणसी एवं गोरखपुर ज़िलों के तीन अस्पतालों में ब्लड बैंक की भी स्थापना होगी।
- डिप्टी सीएम ने कहा है कि सरकारी अस्पतालों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। लखनऊ के लोक बंधु राज नारायण अस्पताल में चार-चार बेड की दो डायलिसिस यूनिट खोलने के निर्देश दिये गए हैं। साथ ही अस्पताल में ब्लड बैंक के लिये रोटरी इंटरनेशनल को अनुमति प्रदान की है।
- इसी तरह वाराणसी एवं गोरखपुर में चार-चार बेड की डायलिसिस यूनिट खोलने की अनुमति प्रदान की है। इन दोनों अस्पतालों में भी रोटरी इंटरनेशनल ब्लड बैंक की स्थापना में मदद करेगी।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dialysis-units-will-open-at-three-places-including-varanasi